पंजाब केसरी 23/04/2025

# होनहार छात्रा दिया दत्त ने अपनी प्रतिभा और बिजनैस समझदारी से किया मंत्रमुग्ध

अम्बाला, 22 अप्रैल (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट द्वारा आयोजित इंटरकॉलेज प्रतियोगिता टेक स्पार्क-25 के शार्क टैंक राउंड में विद्या श्री स्कूल, रोहतक की छठी कक्षा की होनहार छात्रा दिया दत्त ने अपनी प्रतिभा और बिजनैस समझदारी से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिया ने अपने आइडिया स्मार्ट केयर के तहत एक अनोखा बिजनैस प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें क्यूट प्रोडक्ट्स और प्रीमियम स्किनकेयर आइटम्स को स्मार्ट एप्लीकेशन से इस्तेमाल शामिल करना था।




रोहतक की छठी कक्षा की होनहार छात्रा दिया दत्त को पुरस्कृत करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

खासतौर पर महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए स्मार्ट एप्लीकेशन डिजाइन प्रस्तुत किए गए। उनके ब्रांड का स्लोगन था सच्चा है पर अच्छा है। दिया ने आत्मविश्वास के साथ अपनी योजना रखी, जिसमें शामिल था जैंडर न्यूट्रल, सभी के लिए उपयुक्त प्रोडक्ट डिजाइन। वहीं भारतीय त्वचा के अनुसार तैयार की गई स्किनकेयर एप्लीकेशन डिजाइन और रंगीन ब्रांडिंग।

यह प्रस्तुति शार्क टैंक प्रारूप में हुई, जहां प्रतिभागियों ने अपने बिजनैस आइडिया को जजों के समक्ष रखा। दिया की स्पष्टता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने जजों से सराहना और दर्शकों से जोरदार तालियां बटोरीं।

इस कार्यक्रम ने तकनीक और नवाचार को न सिर्फ प्रोत्साहित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि जब युवा प्रतिभाओं को मंच मिलता है, तो वे चमकना जानते हैं। दिया दत्त की यह यात्रा भारतीय उद्यमिता के उज्ज्वल भविष्य की झलक है।